1–2 मीटर

स्वास्थ्य विभाग
बिहार सरकार

नोवल कोरोना वायरस (COVID-19)

सामाजिक दूरी – है बहुत जरूरी

कोरोना एक संक्रामक वायरस है, जिसका संक्रमण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में खांसने, छींकने एवं संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलता है।

कोरोना से संक्रमित एक व्यक्ति अपने संपर्क में आने वाले कई व्यक्तियों को संक्रमित कर सकता है।

ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आने से संक्रमित व्यक्ति फिर अपने संपर्क को संक्रमित कर सकता है। बिहार राज्य में भी इसी प्रकार के दृष्टांत सामने आये हैं, जिसमें एक व्यक्ति ने अपने संपर्क में आने वाले कई व्यक्तियों को संक्रमित किया है।

उदाहरणस्वरूप- मुंगेर में 1 संक्रमित व्यक्ति से 29 व्यक्ति संक्रमित हो चुके हैं, नालंदा में 1 से 19 व्यक्ति संक्रमित हो चुके हैं, सिवान में 1 संक्रमित व्यक्ति से 22 व्यक्ति संक्रमित हुए है तथा इसी प्रकार रोहतास में 1 संक्रमित व्यक्ति से 14 व्यक्ति एवं पटना में 1 स्थान/स्त्रोत से 17 व्यक्ति कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं।

अतः सभी से निवेदन है कि सभी व्यक्ति 'सामाजिक दूरी अर्थात् एक-दूसरे के मध्य कम से कम 1-2 मीटर की दूरी' का पालन करें, 'मास्क का उपयोग' करें, 'नियमित अंतराल पर 20 सेकण्ड तक साबुन से हाथ धोते रहें' अथवा '70% अल्कोहल युक्त सेनेटाईजर का उपयोग करें'।

साथ-ही-

- सभी से आग्रह है कि 'घर-घर सर्वे' के दौरान अपने स्वास्थ्य संबंधी हर परेशानी को स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता को बतायें। किसी भी परिस्थिति में स्वास्थ्य संबंधी तथ्यों को न छिपायें।
- यदि कोई अपनी यात्रा संबंधी सूचना अथवा स्वास्थ्य संबंधी सूचना छिपाता है तो व अपने परिवार के सदस्यों एवं अन्य प्रियजनों को परेशानी में डाल सकता है।
- घर के बड़े-बुजुर्गो, गर्भवती महिलाओं, बच्चों अथवा हृदय रोगी, डायबिटीज रोगी, किडनी रोगियों तथा उच्च रक्तचाप वाले मरीजों का विशेष ख्याल रखें। वे मास्क का उपयोग अवश्य करें तथा सामाजिक दूरी का पालन भी अवश्य करें।

यह आपके, आपके परिवार एवं राज्य के हित में है।

संपर्क से संक्रमण श्रृंखला के उदाहरण

मुंगेर: 1 संक्रमित → 29 संक्रमित

सिवान: 1 संक्रमित → 22 संक्रमित

नालंदा: 1 संक्रमित → 19 संक्रमित

पटना: 1 संक्रमित → 17 संक्रमित

रोहतास: 1 संक्रमित → 14 संक्रमित

विस्तृत जानकारी हेतु
24X7 Toll Free No.: 104

- SHSBihar
- BiharHealthDepartment

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना- 800 014

Website www.statehealthsocietybihar.org
Twitter @BiharHealthDepartment

स्वस्थ बिहार समृद्ध बिहार